सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल में क्रिसमस पर्व का रंगारंग आयोजन

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में दिनांक 22 दिसम्बर को क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी छात्र –छात्राएँ रंग बिरंगी वेशभूषा में प्रफुल्लित एवं प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम में छात्रों ने प्रार्थना गीत के साथ प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में करोल गीतों की प्रस्तुति दी।

प्रभु यीशु के जन्म को एक सुन्दर लघु नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया। उनका मानव – उद्धार के लिए हुआ इस बात को अपने हाव – भाव से छात्रों ने आकर्षक ढंग से बताया । संस्था के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने अपने उद्‌बोधन में क्रिसमस की बधाई दी। नमक और शक्कर का उदाहरण देते हुए कहा कि ये दोनों एक समान दिखाई देते हुए कहा कि ये दोनों एक समान दिखाई देते है परन्तु स्वभाव में अलग होते है और दोनों का अपना अलग महत्व है। कार्यक्रम के अन्त में ग्रेन्ड फिनाले में छात्र – छात्राओं ने नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी। जिसमें क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाओं का समावेश था।

अंत में सभी बच्चों को मिठाई वितरण की गई । इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ।